
# यूपीईएस में फाइनेंस के क्षेत्र में छात्रों के लिए खुलेंगे नए रास्ते




देहरादून। यूपीईएस ने एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने और फाइनेंस के क्षेत्र में करियर के नए रास्ते खोलना है। साझेदारी के तहत यूपीईएस बीबीए कोर (वित्त) कार्यक्रम भी पेश करेगा। इसके अलावा तीन साल का कार्य अनुभव प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार ''एसीसीए सदस्य'' की प्रतिष्ठित उपाधि के लिए पात्र होंगे। यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक राहुल नैनवाल ने कहा, यह साझेदारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक और प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गा.सि.रि.